Tender Heart High School, Sector-33 B Chandigarh.

कक्षा - तीसरी                विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - तुकान्त तथा नुक्ता शब्द (.)

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

यह कार्य कक्षा तीसरी, विषय - हिन्दी व्याकरण, उपविषय 'तुकान्त शब्द तथा नुक्ता शब्द' से लिया गया है। इस कार्य का लिखित सार आपको 06 मई, 2024 को भेजा जाएगा।

बच्चो! आज हम 'तुकान्त शब्दों' के बारे में पढ़ेंगे। तुकान्त शब्दों के बाद हम 'नुक्ता शब्दों' के विषय में पढ़ेंगे।

तुकान्त शब्द या एक तुक/लय वाले शब्द →

तुकान्त शब्द वह शब्द होते हैं, जिनके अंतिम वर्ण समान होते हैं, जैसे -

1. आना - जाना

2. केला - मेला

3. जेल - तेल

4. जाल - हाल

ऊपर दिए गए शब्द दो-दो के जोड़ों में दिए गए हैं तथा प्रत्येक जोड़े के शब्दों के अंतिम वर्ण समान हैं। अतः यह शब्द तुकांत शब्द कहलाते हैं। तुकान्त शब्दों का प्रयोग दोहों तथा कविता की शोभा बढ़ाने के लिए किया जाता है। आपने अक्सर 'कविता' में देखा होगा कि तुकान्त शब्दों का प्रयोग किया जाता है। उदाहरण - जी होता चिड़िया बन जाऊँ

मैं नभ में उड़कर सुख पाऊँ।

CamScanner

कक्षा – तीसरी विषय – हिन्दी व्याकरण

उपविषय – तुकान्त शब्द तथा नुक्ता शब्द

शिक्षिका – कल्पना शर्मा

आइए, कुछ अन्य शब्दों के बारे में पढ़ते हैं।

## तुकान्त शब्द (Rhyming Word)

1. राजा – बाजा
2. घाटी – माटी
3. खाऊँ – जाऊँ
4. कंगन – बंधन
5. केला – मेला
6. रोना – धोना
7. तन – मन
8. रंग – संग
9. हँसना – फँसना
10. आना – जाना
11. रात – बात
12. हाथ – साथ

कक्षा - तीसरी विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - तुकान्त शब्द तथा नुक्ता शब्द

शिक्षिका - कल्पना शर्मा

विद्यार्थियो, चलिए अब तीन मिनट की ब्रेक लेते हैं। ब्रेक लेने से पहले मैं आपसे कुछ प्रश्न पूछने जा रही हूँ। जिनके उत्तर आप अपनी नोट बुक (हिन्दी व्याकरण) में लिखेंगे।

प्र०1 तुकान्त शब्द क्या होते हैं?

प्र०2 निम्न लिखित शब्दों के तुकान्त शब्द बनाइए -
क) पाना ख) रेल ग) हाथी घ) रोना।

बच्चो, चलिए आगे बढ़ने से पहले मैं आपको ऊपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर बता देती हूँ।

उ०1 तुकांत शब्द वह शब्द होते हैं, जिनके अंतिम वर्ण समान होते हैं।

उ०2. क) खाना ख) मेल ग) साथी घ) धोना।

बच्चो! अब हम नुक्ता शब्दों के बारे में पढ़ेंगे।

नुक्ता किसी व्यंजन के नीचे लगाए जाने वाले बिन्दु को कहते हैं। इससे उस अक्षर का उच्चारण बदलकर किसी अन्य व्यंजन का हो जाता है। जैसे - 'ज' के नीचे नुक्ता लगाने से 'ज़' बन जाता है और 'ड' के नीचे नुक्ता लगाने से 'ड़' बन जाता है।
जैसे - जहाज - जहाज़ सडक - सड़क।

ज - Ja - ज़ ZA फ Pha - फ़ Fa

कक्षा - तीसरी　　　　　　विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - तुकान्त शब्द तथा नुक्ता शब्द

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

## (़) नुक्ता शब्द ज़, फ़, ड़

आइए, अब कुछ नुक्ता शब्द पढ़ते हैं ताकि आपको इसकी ध्वनि अच्छी तरह से समझ आ जाए।

1. जहाज़
2. आवाज़
3. रोज़
4. सज़ा
5. कागज़
6. बर्फ़
7. फ़र्श
8. सफ़र
9. झगड़ा
10. लड़का
11. सड़क
12. जड़

गृहकार्य → सभी बच्चे 'तुकान्त शब्द' और 'नुक्ता शब्द' अपनी हिन्दी व्याकरण की नोट बुक में लिखेंगे व याद करेंगे।

(Last Page)